पत्रांक–3 / प्र. 9–143 / 2023................ /

बिहार सरकार

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

प्रेषक,

सीमा त्रिपाठी, भा.प्र.से.
निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी,
नवादा।

पटना, दिनांक............. / 2023

विषय :– नवादा शहर में स्थित हरिश्चन्द्र स्टेडियम के संबंध में।

प्रसंग :– श्री अशोक कुमार, माननीय स.वि.प. से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या एस.सी.–07 एवं आपका पत्रांक–142, दिनांक–13.12.2022.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन तारांकित प्रश्न द्वारा (छायाप्रति संलग्न) नवादा शहर में स्थित हरिशचन्द्र स्टेडियम को सुव्यवस्थित करने हेतु जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में आपका पत्रांक–142, दिनांक–13.12.2022 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि नवादा शहर में स्थित हरिशचन्द्र स्टेडियम में मिट्टी भराई एवं चहारदिवारी का कार्य कार्यपालक अभियन्ता, नगर विकास प्रमण्डल, नवादा के द्वारा किया गया है तथा बरविगहिया कॉलोनी नवादा के निकट हरिश्चन्द्र खेल का मैदान का जीर्णोद्धार एवं हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में जीमखाना भवन का निर्माण कार्यपालक अभियन्ता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन नवादा द्वारा समेकित कार्य योजना से किया गया है।

अतः अनुरोध है कि हरिश्चन्द्र स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा कराये जाने से संबंधित आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी शीघ्र अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
निदेशक,
छात्र एवं युवा कल्याण।

ज्ञापांक–...1060............... /   पटना, दिनांक 13...7/ 2023

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र के संबंध में अग्रत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

13/7/23
निदेशक,
छात्र एवं युवा कल्याण।

तारांकित　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　वी० एस० एस० (मिस०) 2

विधान सभा प्रश्न

तारांकित डायरी संख्या: 1/204/190

विषय:

खेल के मैदान का जीर्णोद्धार

सूचना प्राप्ति दिनांक: 27/06/2023　　　　　　स्वीकृत सूचना दिनांक: 27/06/2023

*1/204/190　　श्री अशोक कुमार(स्थानीय प्राधिकार, नवादा)

क्या कला, संस्कृति एवं युवा बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क)　　क्या यह सही है कि नवादा शहर में स्थित हरिश्चन्द्र स्टेडियम एक मात्र खेल का मैदान है, खेल को बढ़ावा देने के लिए मैदान को सुव्यवस्थित करने हेतु जीर्णोद्धार किया जा सकता है;

(ख)　　यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नवादा के खेल के मैदान का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?